फिक्की फ्लो की इंटर-स्टेट मीट कन्वर्जेंस- 2014

उद्यमियों और पेशेवरों को बढ़ावा देने के लिए एकत्रित हुई महिला उद्यमी

जयपुर। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) के देशभर के 10 चैप्टर्स की 170 से अधिक महिला उद्यमी आज जयपुर में एकत्रित हुईं। महिला उद्यमियों और पेशेवरों को बढ़ावा देने के माध्यम से आपस में कनेक्ट होने और निरन्तर विकास के लिए एक जरिया बनाने के उदेश्य से शहर में फ्लो की इंटर स्टेट मीट 'कन्वर्जेंस- 2014: मीटिंग ऑफ माइंड्स- वुमन लीडिंग चेंज' की आज शुरूआत हुई। आभा डालमिया, नमिता गौतम, मालविका राय, किरण गेरा, कुसुम अंसल, कविता डी चित्तूरी, अंजना सोमानी, दिव्या सूरी और नीना मल्होत्रा जैसी ख्यातनाम महिला उद्यमियों की प्रभावी उपस्थिति से तीन दिवसीय यह मीट देशभर की फ्लो सदस्यों के लिए एक आदर्श मंच साबित होगा और महिला सशक्तिकरण की पहल के लिए एक उभरता नेतृत्व बन सकेगा। फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूचरा ने कहा कि इस मीट में फ्लो के चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद, कोयम्बटूर, कोलकाता, लुधियाना, उत्तर पूर्व, अहमदाबाद, बैंगलुरु और जयपुर चैप्टर की महिला उद्यमी और पेशेवर सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करेंगी और मजबूत बिजनेस नेटवर्किंग भी करेंगी।

फ्लो, जयपुर चैप्टर की अध्यक्ष अपरा कुच्छल ने बताया कि यह इंटर स्टेट मीट फ्लो का एक वार्षिक आयोजन है, जो हर साल अलग अलग चैप्टर्स में आयोजित किया जाता है। इस बार जयपुर चैप्टर द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। जयपुर के महापौर निर्मल नाहटा ने इस इंटर स्टेट मीट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ज्ञान को विकसित करने, नेतृत्व करने व महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक दूसरे को प्रेरित करती हैं। महापौर ने आशा जताई कि इस तरह के उदेश्य के साथ होने वाले आयोजन से न केवल जयपुर की महिलाओं को बल्कि पूरे राज्य की महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इस दौरान विभिन्न चैप्टर्स की महिला प्रमुखों ने अपने चैप्टर्स के कामों के बारे में बात की और अधिकतर ने यह बताया कि वे भारत के प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत' अभियान को किस प्रकार अपने स्तर पर बड़े पैमाने पर क्रियान्वित कर रही हैं। कई चैप्टर महिलाओं को कौशल के बारे में भी प्रशिक्षित कर रहे हैं, जो उनके जीवन में सुधार लाने और उन्हें एक अच्छा जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महापौर नाहटा ने विभिन्न चैप्टर्स के योगदान की सराहना की और उनके प्रमुखों की ओर से महापौर का एक स्मारिका भेंट की गई। इस मीट के अंतर्गत महिलाओं के लिए लर्निंग सैशंस का एक अनूठा मिश्रण था जिससे उन्हें विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक आदर्श वातावरण मिला। फ्लो के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूचरा ने कहा कि इन सत्रों के तहत प्रेरक कार्यक्रम हुए, जिनमें फ्लो सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रतिभागियों ने यहां नेटवर्किंग और बिजनेस कॉन्टेक्ट बनाने के बारे में जाना और कई नई साझेदारियां व गठबंधन किए गए। होटल ललित में लगाए गए हाट बाजार में ज्वैलरी से लेकर चूरन चटनी जैसे विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए गए। नीता बूचरा ने बताया कि हाट बाजार में विभिन्न स्टॉल्स पर ज्वैलरी, हैंडीक्राफ्ट, शिल्प कौशल और कपड़े प्रदर्शित किए गए। इससे पूर्व प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. रमेश अरोड़ा के मोटिवेशनल लैक्चर के साथ तीन दिवसीय इस मीट की शुरूआत हुई।